प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 09.09.2025 समय : 09:00 ए.एम.

.................

- उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए आज मतदान होगा–मतगणना शाम को होगी।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा करते हुए बुनियादी सेवाओं को तेज़ी से बहाल करने के निर्देश दिए है।
- विधानसभा में आज राजस्थान विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2025 पर चर्चा की जायेगी।
- प्रदेश में बारिश का दौर अधिकांश हिस्सों में धीमा पडा–हालांकि आज जैसलमेर और बाडमेर में भारी बारिश की चेतावनी।

.................

उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए आज मतदान होगा। इस चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एनडीए के उम्मीदवार और महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का मुकाबला इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायधीश बी. सुदर्शन रेड्डी से होगा। मतगणना आज शाम को होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये कहा कि उपराष्ट्रपति पद के लिए सी पी राधाकृष्णन की उम्मीदवारी को लेकर देश भर में बहुत उत्साह है। लोगों का विश्वास है कि श्री राधाकृष्णन बेहतरीन उप राष्ट्रपति होंगे जो अपने ज्ञान और अंतरदृष्टि से पद की गरिमा समृद्ध करेंगे। वर्तमान में, लोकसभा में 542 और राज्यसभा में 239 सदस्य हैं। इस बार उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदाताओं की संख्या 781 है और बहुमत का आंकड़ा 391 है। गौरतलब है कि इस साल जुलाई में स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के कारण यह चुनाव हो रहा है।

.................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा करते हुए बुनियादी सेवाओं को तेज़ी से बहाल करने के निर्देश दिए है। कल जयपुर में एक उच्च–स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जन सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त सड़कों, नहरों और एनीकट की मरम्मत के प्रस्तावों को तीन दिन के भीतर मंज़ूरी दी जाए और इन पर काम 23 सितंबर तक शुरू कर दिया जाए। किसानों को फसल के नुकसान पर समयबद्ध सहायता सुनिश्चित करने के लिए कृषि, राजस्व और सहकारिता विभागों की 6–सदस्यीय समिति गठित करने का सुझाव दिया गया है। यह समिति बीमा कंपनियों और किसानों के बीच समन्वय का काम भी करेगी। बैठक में बताया गया कि अब तक 10 हज़ार से ज़्यादा मरम्मत कार्यों के लिए करीब 211 करोड़ रुपये स्वीकृत किए जा चुके हैं और 1,159 लोगों को सुरक्षित बचाया गया है। मुख्यमंत्री ने 2 से 15 अक्टूबर तक चलने वाले सहकारिता सदस्यता अभियान और 15 सितंबर से शुरू होने वाले शहरी और ग्रामीण सेवा शिविरों की तैयारियों पर भी जोर दिया। मीटिंग के बाद कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि सरकार जल्द से जल्द अतिवृष्टि प्रभावित इलाकों के लिए विभिन्न प्रस्तावों की मंजूरी जारी करेगी।

......

.................

राजस्थान लोक सेवा आयोग–आरपीएससी के अध्यक्ष यू. आर. साहू ने परीक्षा और प्रश्न–पत्रों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मीडिया के साथ महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। श्री साहू ने बताया कि इस प्रक्रिया में, हर एक प्रश्न–पत्र और ओएमआर शीट को पहले एक पारदर्शी प्लास्टिक पॉलीपैक में सील किया जाता है। इसके बाद, ऐसे 24 पैकेटों को एक अपारदर्शी पॉलीपैक में रखकर मेटल बॉक्स में बंद किया जाता है। इन मेटल बॉक्स को एक से अधिक नंबर लॉक, विशेष सिक्योरिटी स्ट्रिप, और एक मोटी

प्लास्टिक शीट से सील किया जाता है। परीक्षा शुरू होने से कुछ ही मिनट पहले, केंद्राधीक्षक को एसएमएस के जरिए नंबर लॉक का कोड भेजा जाता है। बॉक्स खोलने की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाती है। उन्होंने कहा कि प्रश्न–पत्र खुला मिलने जैसी बातें निराधार हैं।

.................

विधानसभा में आज राजस्थान विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2025 पर चर्चा की जायेगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा इस विधेयक का प्रस्ताव रखेंगे। इसके अलावा संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल राजस्व विभाग की तथा नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा अपने विभाग की अधिसूचनाएं सदन में प्रस्तुत करेंगे। जन लेखा समिति के सभापति टीकाराम जूली 2025–26 के प्रतिवेदनों का उपस्थापन करेंगे। सदन में इसके अलावा कई याचिकाएं लगाई जायेगी।

.................

जीएसटी परिषद द्वारा हाल ही में किये गये निर्णयों से आमजनता को विभिन्न क्षेत्रों में राहत मिलेगी। परिषद ने 3 सितंबर को आम लोगों को राहत देने के लिए दरों को युक्तिसंगत बनाने की मंजूरी दी। जीएसटी संरचना को चार स्लैबः 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 और 28 प्रतिशत से सरल बनाकर 5 और 18 प्रतिशत की दो स्तरीय संरचना में बदला गया है। इन सुधारों से कई क्षेत्रों के कर दरों में कमी आएगी और नागरिकों का जीवन आसान होगा। कॉस्मैटिक यानि सौंदर्य प्रसाधन क्षेत्र के लिए किए गए सुधारों के तहत कई उत्पादों पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है, जिससे हेयर ऑयल, शैम्पू, शेविंग क्रीम, शेविंग लोशन, टूथपेस्ट, टैल्कम पाउडर और फेस पाउडर जैसे आवश्यक उत्पाद सस्ते हो गए हैं। परिषद ने टूथ पाउडर पर भी जीएसटी दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी है। इन बदलावों से लोगों के लिए कॉस्मेटिक उत्पाद अधिक सुलभ और किफ़ायती होने की उम्मीद है। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए, उपभोक्ताओं ने नए जीएसटी सुधारों का स्वागत किया है।

.................

प्रदेश में बारिश का दौर अब अधिकांश हिस्सों में धीमा पडने लगा है। पिछले 24 घंटों में करीब 8 शहरों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा 60 मिलीमीटर बारिश बाड़मेर के नाकोडा में हुई। जालोर में तेज बारिश से भारत माला एक्सप्रेस–वे पर कटाव हो गया और हाइवे का एक हिस्सा बह गया। उधर बाड़मेर, जालौर तथा जैसलमेर में आज स्कूलों में विद्यार्थियों का अवकाश घोषित किया गया है। इस बीच डीग के डुबोकर गांव में रविवार देर रात 2 मंजिला मकान गिर गया। इस हादसे में भाई–बहन की मौत हो गई और मां सहित 4 अन्य लोग घायल हो गए। वहीं उदयपुर के सायरा क्षेत्र में पुलिया पार करते समय एक बुजुर्ग नदी में बह गए जिनका शव 7 किलोमीटर दूर मिला। मौसम विभाग ने आज जैसलमेर और बाड़मेर में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। शेष हिस्सों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

.................

राज्य स्तरीय पंच गौरव समिति की कल पहली बैठक हुई। मुख्य सचिव सुधांत पंत की अध्यक्षता में जयपुर में हुई इस बैठक में पंच गौरव कार्यक्रम की प्रगति और नोडल विभागों के प्रस्तावों की समीक्षा की गई।

.................